राज्यपाल सचिवालय, बिहार

(जन–सम्पर्क शाखा)

राजभवन, पटना–800022

प्रेस–विज्ञप्ति

संख्या–208/2023

राज्यपाल ने प्रधानमंत्री टी०बी० मुक्त भारत अभियान के तहत फूड बास्केट का वितरण किया

पटना, 24 जुलाई 2023 :– महामहिम राज्यपाल श्री राजेन्द्र विश्वनाथ आर्लेकर ने 26 टी०बी० रोगियों को राजभवन के राजेन्द्र मंडप में फूड बास्केट का वितरण किया। राज्यपाल ने प्रधानमंत्री टी०बी० मुक्त भारत अभियान के तहत नि–क्षय मित्र के रूप में इन मरीजों को गोद लिया है।

इस अवसर पर उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए राज्यपाल ने कहा कि घर की समस्या गाँव की और गाँव की समस्या पूरे देश की होती है तथा इसके समाधान हेतु सामूहिक प्रयास की आवश्यकता होती है। प्रधानमंत्री टी०बी० मुक्त भारत अभियान के तहत देश को टी०बी० मुक्त करना है। इसके लिए टी०बी० ग्रस्त मरीजों एवं स्वस्थ व्यक्तियों को मिलकर प्रयास करने की आवश्यकता है।

राज्यपाल ने टी०बी० के मरीजों को नियमित रूप से दवा और पोषक आहार लेने को कहा। उन्होंने कहा कि दवा के लगातार सेवन तथा अपनी संकल्प शक्ति से वे टी०बी० से मुक्त हो जाएँगे। उन्होंने कहा कि हमें आगामी एक वर्ष में बिहार को टी०बी० से मुक्त करने का संकल्प लेना चाहिए।

इस अवसर पर राज्यपाल के प्रधान सचिव श्री रॉबर्ट एल० चोंग्थू, लोकनायक जयप्रकाश नारायण अस्पताल के निदेशक डॉ० सुभाष चन्द्रा, अन्य चिकित्सकगण एवं चिकित्साकर्मीगण, राज्यपाल सचिवालय के पदाधिकारीगण व कर्मीगण, फूड बास्केट प्राप्त करनेवाले टी०बी० के मरीज तथा अन्य लोग उपस्थित थे।

....